卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 182 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार♦ 12 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

### चतुर्थ नवरात्र



**नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के कूष्माण्डा स्वरूप की पजा की जाती है। इनकी आराधना के बिना जप व ध्यान सम्पूर्ण नहीं होते।**

## भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है: राजनाथ

गौचर (उद संवाददाता)। चुनाव प्रचार अभियान को धार देने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह गौचर पहुंचे। यहां चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को बस एक बात याद दिलाना चाहता हूं, मैं कभी भी किसी भी पीएम की आलोचना नहीं करता, चाहे वह कांग्रेस का हो या किसी अन्य पार्टी का। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक बार बहुत ईमानदारी से राजीव गांधी ने इस बात को स्वीकार किया था। उन्होंने 100 पैसे भेजे, लेकिन लोगों तक केवल 14 पैसे ही पहुंच पाए। किसी ने भी उस चुनौती को स्वीकार नहीं किया, लेकिन पहली बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए एक जन धन खाता खोला जाना चाहिए यहां तक कि मैं भी यह नहीं समझ पा रहा था कि प्रधानमंत्री हर किसी के लिए खाता क्यों खोल रहे हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तराखंड अध्यात्मिक भूमि है। देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का काम उत्तराखंड करता है। इस देवभूमि के लोग जान हथेली पर रख कर देश की रक्षा करते हैं।कहा कि उत्तराखंड के लोग भी सेवा के प्रति समर्पित होते हैं और पीएम मोदी भी देश और देशवासियों कि सेवा के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)



## हादसे का शिकार होते होते बचा हैलीकॉप्टर ,भाजपा नेता थे सवार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तराखंड भाजपा प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम का हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार होते-होते बचा। हेलीकाप्टर में दुष्यंत कुमार गौतम के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी सवार थे। पायलट ने सूझबूझ के साथ हेलीकॉप्टर पर नियंत्रण पाया और सही समय देखकर सुरक्षित उड़ान भरी। गुरुवार को दुष्यंत कुमार गौतम और महेंद्र भट्ट ने लोकसभा चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के लिए हल्द्वानी विधानसभा कोर कमेटी और चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शिरकत की, बैठक के बाद उन्होंने कई कांग्रेस के नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई, इसके बाद उन्होंने हेलीकॉप्टर से हल्द्वानी के एफटीआई हेलीपैड से बाजपुर के लिए उड़ान भरी, लेकिन तभी (शेष पृष्ठ सात पर)



## चोरी की दो मोटरसाईकिलों के साथ एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। चोरी की दो मोटरसाइकिलों के साथ कुंडा पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। बीते 10 अप्रैल को कैलाशपुरी थाना सितारगंज जनपद उधम सिंह नगर निवासी भीमराव गौतम पुत्र राम अवध गौतम ने कुंडा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 7 अप्रैल को वह अपने भाई पवन गौतम की मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 एजे/7218 लेकर ग्राम सरवरखेड़ा स्थित जिंदल पॉली प्लास्ट नामक फैक्ट्री में काम करने गया था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि मोटरसाइकिल फैक्ट्री के बाहर खड़ी थी। अगले दिन यानी 8 अप्रैल को जब वह काम पर से छूट कर बाहर निकला तो गाड़ी मौके से गायब थी। पुलिस के उच्चाधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चोरों की दर पकड़ के लिए टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास से लेकर लगभग 40 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद मैन्युअल पुलिसिंग करते हुए वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को शक के आधार पर रोक लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना नाम किशनपुर गामंडी तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद निवासी कुलदीप बाल्मीकि उर्फ गांधी पुत्र बलजीत तथा दूसरे ने भुतपुरी, तहसील अफजलगढ़ जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी ललित कुमार शर्मा पुत्र (शेष पृष्ठ सात पर)



## चेकिंग में पकड़े लाखों के जेवर और नगदी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के तहत हल्द्वानी पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एक वाहन से 37 लाख से अधिक के सोने चांदी के जेवर सहित 3 लाख का कैश बरामद किया है। कार्यवाही को पुलिस और एसटीएफ की अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही बताया जा रहा है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के मद्देजनर चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के तहत एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में हल्द्वानी पुलिस टीम और एसटीएफ टीम ने टीपी नगर क्षेत्र में जगत सिंह पुत्र स्व0 विशन सिंह निवासी ओम बिहार फेस 5 दिल्ली। एवं आनंद बल्लभ पुत्र स्व0 जोगा निवासी- ईस्ट विनोद नगर पूर्वी दिल्ली के कब्जे से 37 लाख 64 हजार 8 सौ रुपये के सोने, चांदी के जेवरात एवं 3 लाख रुपये की नगदी बरामद की। उक्त सोने- चांदी के आभूषणों एवं धनराशि के सम्बन्ध में जानकारी लेने पर दोनों व्यक्ति कोई भी स्पष्ट प्रमाण नहीं दे पाये। जिस पर पुलिस टीम ने धनराशि व जेवरात को कब्जे लिया गया तथा नियमानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय जमा कराया गया है। पुलिस टीम में मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र जोशी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर , हेड कांस्टेबल ललित, कांस्टेबल चंदन, कांस्टेबल संतोष आदि शामिल थे।



## हादसे में घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस काशीपुर मार्ग पर बिंदुखेड़ा मोड़ के समीप तेल टेंकर की चपेट में आये साईकिल सवार मजदूर की गत रात्रि हल्द्वानी में एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन उसके शव को यहां पोस्टमार्टम हाऊस लेकर आये। जानकारी के अनुसार गत 9 अप्रैल की सायं काशीपुर मार्ग पर स्थित एमबी प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करने वाला मजदूर ग्राम आनन्द खेड़ा दिनेशपुर निवासी 56 वर्षीय सुखविन्दर सिंह पुत्र वीर सिंह काम समाप्त करने के बाद साईकिल पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। अभी वह कुछ ही आगे बढ़ा था कि तेज गति से आते तेल टेंकर संख्या यूके 06 सीबी 2116 के अज्ञात चालक ने उसे टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन सुखविन्दर को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। जहां से उसे सुशीला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। हालत में सुधार न होने पर सुखविन्दर को हल्द्वानी के ही एक निजी (शेष पृष्ठ सात पर)



## गौशाला में गाय भैस के साथ बैठा मिला घायल लेपर्ड

रामनगर (उद संवाददाता)।रामनगर में तराई पश्चिम वन प्रभाग के अंतर्गत पड़ने वाले रामनगर के कंचनपुर छोई गांव में सुबह जब एक महिला अपनी गाय भैंसों की गौशाला में गोबर उठाने के लिए गई तो गाय भैंसों के बगल में गुलदार को देख उसके होश उड़ गये। शोर मचाते हुए ह महिला गौशाला से बाहर निकली, वहीं आसपास के लोगों ने तुरंत ही गुलदार के गौशाला में होने की सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई ।वहीं गौशाला मालिक हरिहर सिंह बिष्ट ने बताया कि सुबह जब उनकी माताजी गौशाला में पशुओं का गोबर उठाने के लिए गई तो गौशाला में गुलदार पशुओं (शेष पृष्ठ सात पर)



## महिला का कमरे में मिला शव,पति फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि किच्छा बईपास मार्ग पर बंगाली कालोनी में एक कमरे में महिला बेसुध अवस्थ में पाई गई। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर जानकारी ली और मृतका के परिजनों को घटना से अवगत कराया। घटना के बाद से मृतका का पति फरार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मूल रूप मिलक रामपुर निवासी उमेश सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करता है और यहां बंगाली कालोनी में पत्नी रीता और पुत्र के साथ किरायेदार के रूप में रह रहा था, उसका तीन वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। गत रात्रि उमेश के कमरे से शोर की आवाज आने पर आस पास के लोगों ने वहां आकर देखा तो रीता बेसुध अवस्था में पड़ी थी। जबकि पति मौके पर नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)



## कार चालक व्यापारी का 6 लाख लेकर परिवार समेत फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली से माल लाने के लिए कार में सवार व्यापारी को चकमा देकर कार चालक उसके 6 लाख रूपये समेटकर परिवार सहित फरार हो गया। जानकारी के अ नुसार मुकेश श्रीधर उर्फ मोन्टी पुत्र रोशन निवासी सिविल लाइन, रूद्रपुर का कहना है कि उसकी मैन मार्केट में शूज एंड स्टाइल नाम से जूता चप्पल की दुकान है। ड्राईवर सोनू रस्तोगी पुत्र रामदास रस्तोगी निवासी शिवनगर को माल लेकर आने के लिये अक्सर दिल्ली ले जाता था। उसने बताया कि 8 अप्रैल को समय सुबह उसने अपनी कार संख्या यूके 06ए पी 7999 के डेस बोर्ड में 6 लाख रूपये नगद रखे और ड्राईवर सोनू रस्तोगी ने कहा कि घर पर उसका सामान छूट गया है। शिवनगर से सामान लेकर आता हूँ। उसके बाद सोनू रस्तोगी उसकी कार को लेकर सिविल लाइन से शिवनगर के लिये निकला। इसके बाद सोनू रस्तोगी का इंतजार करते रहे परन्तु वह वापस नहीं आया। जब उसके मोबाइल पर कॉल किया तो उसका मोबाइल नम्बर बंद आ रहा था। जिस पर सोनू रस्तोगी के घर शिवनगर पहुंचे तो पता चला कि सोनू उसकी कार को शिवनगर छोड़ कर कार में रखे छह लाख रूपये लेकर अपने परिवार सहित फरार हो गया है।

## सीएम धामी ने लोगों तक पहुंचाई मोदी की राम राम

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुबह की सैर के दौरान स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उनका हाल चाल पूछा और बड़े बुजुर्गों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रणाम और राम-राम पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने लोगों से लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी पार्टी कार्यकर्ताओं को कोई कार्य सौंपते हैं तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद अगुवाई करके उस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने में जुट जाते हैं। गुरुवार को ऋषिकेश में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत अनुरोध किया था। वह अनुरोध था, घर-घर जाकर बड़े बुजुर्गों को मोदी का प्रणाम और राम-राम कहना। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा था कि बड़ों का अशीर्वाद मेरे लिए ऊर्जा है। साथ ही नवरात्र का पर्व चल रहा है, उत्तराखंड में देवी-देवताओं की महिमा होती है। अपने-अपने क्षेत्र के देवी-देवताओं के मंदिरों में जाकर मेरी तरफ से प्रणाम करना है। ऋषिकेश की जनसभा के समापन के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सीधे खटीमा पहुंचे, जहां उन्होंने एक कार्यक्रम में भाग लिया। शुक्रवार सुबह (शेष पृष्ठ सात पर)



# देवभूमि में खिलने चाहिए पंच कमल : मोदी







## पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन ; एडवेंचर, अध्यात्म और योग का केंद्र बन रहा है ऋषिकेश,लाखों चारधाम यात्रियों को मिलेगी सुविधायें

देहरादून/ऋषिकेश(उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार के नए अवसर तैयार कर रही है। हमारा फोकस इस बात पर है कि देश के किसी भी हिस्से से पर्यटकों को उत्तराखंड के कोने-कोने तक पहुंचना आसान होना चाहिए। इसलिए रोडवेज, ट्रेन, हवाई सुविधा बढ़ाई जा रही है। कर्णप्रयाग रेलवे लाइन पर तेजी से काम चल रहा है। देहरादून से दिल्ली की दूरी सिमट रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चारधाम परियोजना के तहत चारों धामों को लगभग 900 किमी हाईवे से जोड़ा जा रहा है। इन सब कामों से श्रद्धालुओं को उत्तराखंड पहुंचने में आसानी होगी। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि भाजपा की नीयत सही है। पिछले साल करीब 20 लाख यात्री केदारनाथ आए। चारों धामों में 55 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने उत्तराखंड की यात्रा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के विकास में ऋषिकेश की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऋषिकेश पर्यटन का केंद्र बिंदु है। यहां एडवेंचर, अध्यात्म और योग के लिए दुनिया के हर कोने से लोग पहुंचते हैं। जब दुनिया में योग की धूम नहीं थी तब कई देशों के लोग जिज्ञासा के नाते योग के लिए ऋषिकेश आते थे। आईडीपीएल मैदान में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऋषिकेश को उत्तराखंड राज्य के विकास का केंद्र कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के विकास में पर्यटन और चारधाम यात्रा की बड़ी भूमिका है। ऋषिकेश पर्यटन और चारधाम का प्रमुख केंद्र है। यहां अध्यात्म है और एडवेंचर भी। राफ्टिंग हो, या कैंपिंग या फिर आस्था या योग में रुचि रखने वाले लोग ऋषिकेश आकर पूरा आनंद लेते हैं। मोदी ने कहा कि मुझे याद है कि बहुत पहले एक बार यूएसए गया था। मुझे कुछ खाना था। एक छोटी सी दुकान में अमेरिकन नागरिक बैठा मिला। उसके गले में तीन-चार रुद्राक्ष की मालाएं थी। मैं उसके पास चला गया। उसने मुझे खिलाया। बताया कि वह बहुत सालों से ऋषिकेश आता-जाता है। इससे उसके जीवन में बदलाव आया। चुनावी जनसभा में पहुंचे लोगों के उत्साह को देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभिभूत नजर आए। लोगों के उत्साह की स्थिति यह थी कि प्रधानमंत्री मोदी को भाषण के दौरान दो-तीन बार रुक कर बोलने की इजाजत मांगनी पड़ी। लोग फिर भी उत्साह और जोश में मोदी-मोदी चिल्लाते रहे। पीएम ने कहा कि उत्तराखंड के प्यार को मैं जीवन भर नहीं भूल सकता। मोदी मंच पर पहुंचे तो पूरा पंडाल मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। लोगों का उत्साह इस कदर था कि प्रधानमंत्री मोदी को दो-तीन बार भाषण के बीच में रुककर लोगों से बोलने की इजाजत मांगनी पड़ी। मोदी ने कहा कि मैं उत्तराखंड आता हूं तो आशीर्वाद मांगने के साथ ही आप सभी परिवारजनों के साथ पुरानी यादें भी ताजा कर लेता हूं। मैं आपके खुद के घर का हूं। मैं यहां बैठे-बैठे पुराने चेहरे देख रहा हूं। मेरा आपसे निकट का रिश्ता है। मैं उत्तराखंड के प्यार को जीवन में कभी भी भूल नहीं सकता। उत्साह में नारे लगा रहे लोगों से मोदी ने कहा कि इस ऊर्जा को 19 अप्रैल तक अपने काम पर लगाए रखना है। सारी ऊर्जा आज ही मत खर्च कर लीजिए। मोदी ने कहा कि जो मुझे देख नहीं पा रहे हैं वह सुन कर संतोष कर लें। उन्होंने उत्तराखंड की चुनावी सियासत में असर डालने वाले पूर्व सैनिक, महिला, युवा वर्ग को साधने की कोशिश की। पर्वतीय राज्य में पूर्व सैनिक एक बड़ा वोट बैंक माना जाता है। पीएम ने वन रैंक वन पेंशन, सैनिकों की रक्षा के लिए दी जा रही बुलेटप्रूफ जैकेट का जिक्रकर यह जताने का प्रयास किया कि कांग्रेस राज में ये सब नहीं हो पाता। शायद वह हरिद्वार से लेकर सीमांत गांवों तक यह संदेश भी पहुंचाना चाहते थे कि उनकी सरकार सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने दून-दिल्ली के बीच फासला सिमटने, चारधाम ऑलवेदर रोड, ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल परियोजना, यमुनोत्री, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में रोपवे परियोजना, मानसखंड गलियारा में शामिल आदि कैलास व ओम पर्वत की अपनी यात्रा का जिक्र किया और इसके हेली सेवा से जुड़ने के बाद इससे पर्यटन सेक्टर को मजबूती मिलने की संभावना जताई। उन्होंने उत्तराखंड की आर्थिकी की रीढ पर्यटन सेक्टर की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त करना चाहा कि केंद्र सरकार इसमें राज्य का पूरा सहयोग करेगी। ऋषिकेश की अध्यात्म, योग और पर्यटन से जुड़े महत्व का उन्होंने खासतौर पर जिक्र किया।

## सोशल मीडिया पर भी छाया पीएम मोदी का हुड़का नाद, इस बार नहीं पहनी पहाड़ी टोपी

ऋषिकेश। विजय संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में ब्रह्मकमल, हुड़का और गढ़वाल के तीन प्रमुख शक्तिपीठों का जिक्र कर गढ़वाल के मतदाताओं को, गंगा और हरकी पैड़ी से हरिद्वार के मतदाताओं को साधने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतीक चिन्ह के तौर पर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री को हुड़का भेंट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देवभूमि में देवताओं के आह्वान करने की परंपरा है। हुड़का का नाद देवी-देवताओं के आह्वान करने में ऊर्जा देता है। आज मुझे भी देवता रूपी जनता जनार्दन का आह्वान करने के लिए हुड़का बजाने का सौभाग्य मिला है। जनसभा में आए लोगों से उन्होंने अपील की कि वे घर-घर जाकर बुजुर्गों को उनकी राम-राम कह दें। वहीं दूसरी तरफ पीएम मोदी के हाथों से उत्तराखंड के पारम्परिक वाद्ययंत्र का हुड़का नाद सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है जो चुनावी मिजाज बदलने को लेकर भी काफी चर्चाओं का विषय भी बना हुआ है। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी गढ़वाल मंडल के किसी कार्यक्रम या फिर चुनावी रैली में आए हर बार उत्तराखंडी टोपी पहने नजर आए। लेकिन इस बार तीन संसदीय सीटों की चुनावी रैली में उन्होंने पहाड़ी टोपी नहीं पहनी। जानकारों की मानें तो यदि यह चुनाव रैली दो संसदीय सीटों गढ़वाल और टिहरी की होती तो पीएम मोदी पहाड़ी टोपी पहनकर आते। लेकिन इस रैली के माध्यम से हरिद्वार के मतदाताओं तक अपना संदेश पहुंचाना था, इसलिए उन्होंने पहाड़ी टोपी नहीं पहनी। क्षेत्र के भाजपा के चारों मंडलों के नेताओं ने दावा किया कि 100 बसों में सवार होकर कार्यकर्ता पीएम मोदी को सुनने के लिए ऋषिकेश पहुंचे। इसमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण गैरोला ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में भीड़ ने रिकार्ड तोड़ा है।

## मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना,हरकी पैड़ी मां गंगा किनारे नहीं बल्कि नहर के किनारे बसी है!

ऋषिकेश। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान उत्तराखंड में कांग्रेस की पूर्ववर्ती राज्य सरकार के एक विवादित फैसले को लेकर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि हरिद्वार के मतदाताओं को आपको भूलना नहीं है ये वही कांग्रेस है जो कहती रही है कि हरकी पैड़ी मां गंगा किनारे नहीं बल्कि नहर के किनारे बसी है। अब ये गंगा के अस्तित्व पर सवाल उठा रहे हैं। इन्हें उत्तराखंड के लोग सबक सिखाकर रहेंगे। उत्तराखंड की पहचान ब्रह्मकमल से जुड़ी है। ये धरती ब्रह्मकमल की है। इसलिए इस बार भी यहां पांच कमल खिलने चाहिए। पांचों कमल इसलिए खिलाने हैं, क्योंकि हम विकसित भारत का संकल्प लेकर चले हैं। विकसित भारत संकल्प के लिए विकसित उत्तराखंड हमारी प्राथमिकता है। इस काम के लिए मेरा पल-पल आपके नाम है। मेरा पल-पल देश के नाम है। 24 घंटे सातों दिन मेरी गारंटी है। आईडीपीएल केंद्रीय विद्यालय के समीप मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजय रैली में संत-महंत भी शामिल हुए। लोकसभा टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार सीट से पहुंचे संतों ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश का बेटा है। मोदी है तो विकास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी वायु सेना के विशेष विमान से सुबह 11:20 बजे दिल्ली से देहरादून एयरपोर्ट पहुंचे। जिसके बाद प्रधानमंत्री हेलिकॉप्टर से ऋषिकेश को रवाना हुए। एयरपोर्ट से तीन हेलिकॉप्टरों ने ऋषिकेश के लिए उड़ान भरी। एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। ऋषिकेश में जनसभा को संबोधित करने के बाद मोदी हेलिकॉप्टर से 1:10 बजे जौलीग्रांट पहुंचे। जिसके बाद वह वायु सेना के विशेष विमान से 1.30 बजे वापस दिल्ली रवाना हुए।





## प्रधानमंत्री ने बताया,ऋषिकेश से है वर्षों पुराना नाता

ऋषिकेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीर्थनगरी ऋषिकेश से पुराना नाता रहा है। जब वह एक साधक के रूप में संतों के सनिध्य में आए तो उन्होंने सबसे पहले ऋषिकेश का ही रुख किया। साधना काल में मोदी का लंबा समय ऋषिकेश में बीता। इसके अलावा वह उत्तराखंड में केदारनाथ तथा अन्य स्थानों पर भी रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संबोधन में कई बार इस बात का उल्लेख कर चुके हैँ। राजनीति में आने के बाद जब नरेन्द्र मोदी को संगठन में जिम्मेदारी मिली तब भी उनका ऋषिकेश से लगाव बना रहा। संगठन की ऋषिकेश में होने वाली बैठकों में आने से मोदी कभी नहीं चूके। वर्ष 1997 में स्वर्गाश्रम में हुई संगठन की बैठक में भी नरेन्द्र मोदी पहुंचे थे, तब वह भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री थे। नरेन्द्र मोदी के लिए ऋषिकेश उस समय इतना सहज था कि वह एक आम कार्यकर्ता के साथ स्कूटर पर बैठकर ही स्वर्गाश्रम से शीशमझाड़ी स्थित अपने आध्यात्मिक गुरु स्वामी दयानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंच गए। तीर्थनगरी का आशीर्वाद ही रहा कि मोदी को इसके बाद गुजरात में मुख्यमंत्री पद की बड़ी जिम्मेदारी मिली। वर्ष 2013 में केदारघाटी में आयी आपदा के समय नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। वह आपदा पीड़ितों की मदद के लिए हवाई जहाज लेकर ही जौलीग्रांट स्थित देहरादून एयरपोर्ट पहुंच गए थे। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी पहली बार 11 सितंबर 2015 को तीर्थनगरी ऋषिकेश तब आए, जब उनके आध्यात्मिक गुरु स्वामी दयानंद सरस्वती बीमार हो गए। प्रधानमंत्री ने इस दिन ऋषिकेश के आइडीपीएल में ही एक जनसभा भी की थी। प्रधानमंत्री रहते दूसरी बार नरेन्द्र मोदी 07 अक्टूबर 2021 को एम्स ऋषिकेश में आए थे। तब यहां से उन्होंने पीएम केयर फंड से देश के 25 राज्यों व आठ केंद्रशासित प्रदेशों में बने 35 पीएसए आक्सीजन प्लांट का जनता को समर्पित किए थे। अब प्रधानमंत्री रहते हुए मोदी तीसरी बार चुनावी सभा को संबोधित करने ऋषिकेश पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को ऋषिकेश के आइडीपीएल में चुनावी रैली के दौरान एक घटना को साझा करते हुए ऋषिकेश की आध्यात्मिक शक्ति का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि मैं यूएसए गया था, वहां मैं शाकाहारी खाना तलाश रहा था, तभी एक दुकान में एक अमेरिकन नागरिक नजर आया, उसके गले में रुद्राक्ष की मालाएं थी। अभिवादन और बातचीत के बाद उन्हें अपनी शाकाहारी खाना न मिलने की कठिनाई बताई। इस पर अमेरिकन नागरिक ने कहा मैं भी शाकाहारी हूं और आपके खाने का मैं प्रबंध करता हूं। पूछने पर उक्त व्यक्ति ने बताया कि वह कई वर्षों से ऋषिकेश आते जाते रहे हैं, वहां जाकर ही मेरे जीवन में यह बदलाव आया।



# मेरी भोली भाली मैया को किसी की नजर न लग जाये

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भजन गायक कलाकारों ने कई भजन सुनाकर किया मां का गुणगान





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्रि पर्व के तृतीय दिवस पर गत रात्रि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित माता के अर्द्धरात्रि जागरण में आमंत्रित भजन गायक कलाकारों द्वारा मां के कई भजन सुनाकर वातावरण भक्तिमय कर दिया। सभी भक्त मां के जयघोषों के साथ मां की महिमा का गुणगान करते रहे। सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी व महंत राजीव कक्कड़ द्वारा जजमान जितेन्द्र साहनी ,सुरभी साहनी, सुमित साहनी, नीलू साहनी, गर्व साहनी ,दिया साहनी, जय साहनी,कविशा साहनी से विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। सर्वप्रथम अमित अरोरा व रमेश राठौर द्वारा गुरू वंदना, मां का आहवान, गणेश वंदना के साथ फूलों की वर्षा कराई गई। तत्पश्चात आमंत्रित भजन गायिका बिजनौर से आई आकांक्षा मित्तल ने मां के कई भजन सुनाकर भक्तजनों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने माता जिनको याद करे , वो लोग निराले होते हैं ,माता जिनका नाम पुकारे किस्मत वाले होते हैं, वीर हनुमाना अति बलवाना राम नाम रसियो रे, प्रभु मन बसियों रे, मेरी भोली भाली मैया को नजर न लग जाये, सज धज कर बैठी मां, मैया नवरात्रों में जब धरती पर आती है, लोगों के दु:खड़े मिटाती है, मां बच्चों की जान होती है, वो किस्मत वाले होते हैं जिनकी मां होती है, आदि भजन सुनाकर उपस्थित भक्तों को झूमकर नाचने को मजबूर कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें दूध की सेवा राधे ग्रोवर व चेतन ग्रोवर ने, पंच मेवा प्रसाद की सेवा विक्रम खन्नो ने व फल की सेवा सतीश सुखीजा व राकेश सुखीजा ने की। विदित हो कि श्री वैष्णो देवी यात्रा समिति द्वारा पिछले 51 वर्षो से नवरात्र पर्व पर प्रति वर्ष मॉ ज्वाला जी की पावन ज्योत लाई जा रही है। श्री वैष्णो देवी यात्रा समिति के पिछले 17 वर्षो से अध्यक्ष एवं श्री सनातन धर्म सभा युवा मंच के सरपरस्त राकेश सुखीजा ने प्रतिदिन श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर में प्रतिदिन रात्रि में हो रही माता जी की चौकी में पहुंच कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की। इस मौके पर श्री सनातन ध र्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, श्री सनातन धर्म युवा मंच के अध्यक्ष अमित अरोरा, विजय विरमानी, अजय चडढ़ा, रवि छावड़ा, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, विजय जग्गा, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मनोज छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सुरेन्द्र मिड्ढा, सुनील चुघ, सतनाम सिंह, रेनू अरोरा, पंकज बांगा, राजकुमार सीकरी, ओम प्रकाश, आकाश कटारिया, दीपक गुगलानी, संजय ठुकराल, आशा ग्रोवर, पूजा बांगा, रानो छावड़ा, सचिन मुंजाल, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा आदि श्रद्धालु मौजूद थे।





# कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में किया जनजम्पर्क

## विधायक बेहड़ ने किया गरीब विरोधी सरकार को उखाड़ फैंकने का आहवान



किच्छा( उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में वार्ड नंबर 6 में एक विशाल जनसभा का आयोजन निवर्तमान सभासद एवं कांग्रेस महिला नगर अध्यक्ष सिमरनजीत कौर एवं युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष जगरूप सिंह गोल्डी के नेतृत्व में किया गया। सभा में कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने उपस्थित लोगों को संबोधि त करते हुए गरीब विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का आहवान किया। निवर्तमान सभासद सिमरनजीत कौर ने कहा नैनीताल उधम सिंह नगर सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी को विजयी बनाने के लिए वह लगातार संघर्ष कर रही है उन्होंने कहा है कि नगर वासियों का भरपूर सहयोग कांग्रेस को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड में सभासद रहते उनके नेतृत्व में लाखों रूपए के विकास कार्य हुए हैं। वार्ड में वर्षों पुरानी कई समस्याएं बनी हुई थी जिन्हें विधायक तिलक राज बेहड़ एवं दर्शन कोली के प्रयासों से दूर किया गया। इस वार्ड में कई ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं ।गोल्डी ने कहा कि सिमरनजीत कौर के नगर अध्यक्ष बनने से महिला कांग्रेस मजबूत नजर आ रही है। कहा कि सारी महिलाओं को साथ लेकर चुनाव में वह उतरी हैं और किच्छा विधानसभा से किच्छा नगर से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को रिकॉर्ड मतों से जीतने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड में एक नाले पर स्लिप डालने की कई वर्ष पुरानी मांग थी उसे भी पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने उस समस्या का निदान कर दिया है। वार्ड वासी कांग्रेस प्रतिनिधियों द्वारा विकास कार्य से संतुष्ट हैं और आगामी 19 अप्रैल को कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में मतदान कर उन्हें इस बार से विजयी बनाकर रहेंगे। इससे पहले कांग्रेस नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस सिमरनजीत कौर ने पार्टी की तमाम वरिष्ठ महिलाओं और पुराने साथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली, सुनीता कश्यप, जगरूप सिंह गोल्डी, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिमरनजीत कौ,र जमील अहमद, इशाक अहमद, गुलशन सिंधी, कलावती, प्रेमा भट्ट, मीना सिंह, रॉबिन बाला, रणजीत सिंह, गौरव बेहड़, सुधा जोशी, सोनी बोरा, मधु भटनागर, संतोष सक्सेना, ओम प्रकाश पप्पू, भूपेंद्र पपनेजा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



# अंबेडकर जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा 14 अप्रैल को



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन आगामी 14 अप्रैल दिन रविवार को अपराहन 2 बजे से किया जाएगा। डा० भीमराव अंबेडकर नव युवा मंच के संयोजक दीपक सागर ने प्रेस वार्ता में बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक गदरपुर अरविंद पांडेय दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यह पूर्णता गैर राजनीतिक कार्यक्रम रहेगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि, सामाजिक व प्रबुद्ध नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा का आरंभ स्थल वार्ड नंबर 36 आदर्श कॉलोनी नई घास मंडी निकट पानी की टंकी के पास से होगा। जहां से शोभायात्रा आदर्श कॉलोनी वार्ड नंबर 36 से होते हुए बालाजी द्वार, अग्रसेन चौक, अंबेडकर चौक, मुख्य बाजार, भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी रोड, इंदिरा चौक पर पहुंचकर मुख्य बाजार स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पहुंचेगी जहां कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। संजीव गुप्ता ने बताया कि यह शोभायात्रा विगत पिछले कई वर्षों से शहर के मुख्य मार्गो से निकलती हैं एवं अनुयाई बाबा साहब की नीति एवं कृतियों को जनजन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। शोभा यात्रा में देश भक्ति से ओत प्रोत सुंदर-सुंदर झांकियां का भी इसमें समावेश होता है। पार्षद रंजीत सागर ने बताया कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों महानुभावों को डॉ० भीमराव अंबेडकर युवा मंच के द्वारा प्रतिवर्ष सम्मानित भी किया जाता है एवं इस शोभायात्रा से हम हर समाज में बाबा साहब द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं एवं बाबा साहब द्वारा समाज हित में जो कार्य किए गए हैं उनको जन-जन तक पहुंचाते हैं। डॉ० भीमराव अंबेडकर की इस शोभायात्रा में सभी समाज के लोग प्रतिभा करते हैं। कार्यक्रम संयोजक दीपक सागर एवं डॉ भीमराव अंबेडकर नवयुवा मंच के सभी पदाधिकारी ने विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों से अपील की कि बाबा साहब डॉ० भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर उत्तर शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले एवं शोभायात्रा का स्वागत करें। वार्ता शैलेंद्र कोली, राजू राजोरिया, कांति कोली, प्रदीप सागर, हिम्मतराम कोली, दर्शन कोली, सुशील सागर, सुरेश भारती सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# माता के दरबार में लिया आशीर्वाद

गदरपुर( उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 9 में नवरात्रि पर आयोजित माता के दरबार में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने अपनी हाजिरी लगाकर सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जगत जननी मां को समर्पित नवरात्रि के यह 9 दिन समस्त संसार को एक नई ऊर्जा देते हैं और समस्त सनातनियों को एक धागे में पिरोकर दिव्य शांति का संचार करते हैं, माता के आशीर्वाद के कारण ही आज भारत विश्व गुरु की बनने की ओर अग्रसर है, और माता के दरबार जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवा पीढ़ी भी अपने धार्मिक कर्तव्य को समझ रही है जो एक अच्छा संकेत है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मंडल महामंत्री अनिल जेटली, परमजीत सिंह पम्मा, चिकित्सक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सोनू विश्वास, कुणाल रस्तोगी, मनोज शर्मा, विपिन गुप्ता, विजय अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# मोदी सरकार ने सिख समाज के लिए किये कई बड़े काम: भट्ट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नैनीताल ऊधमसिंह नगर के भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार का सिखों से बड़ा लगाव है, जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2019 में करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन किया था।नानकमत्ता क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान अजय भट्ट ने कहा कि मोदी सरकार का सिख समुदाय के साथ हमेशा से एक अनोखा रिश्ता रहा है। साल 2014 में केंद्र की सत्ता में आने के बाद से नरेंद्र मोदी सरकार ने सिख समाज के लिए कई ऐसे बड़े कार्य किए हैं, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिख समुदाय से अटूट संबंध को समझा जा सकता है। इसके अलावा पीएम मोदी ने समय-समय पर जरूरतों के हिसाब से सिख समुदाय की हर मांग भी पूरी करने का प्रयास किया है। चाहे लंगर से जीएसटी हटाने का फैसला हो या श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर का लोकार्पण हो। मोदी सरकार ने हमेशा ही सिख समुदाय को सशक्त बनाने की दिशा में कई काम किए हैं। पीएम मोदी और उनकी सरकार का सिखों से बड़ा लगाव है, जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2019 में करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन किया था। इसके लिए उनकी सरकार ने 120 करोड़ रुपये की धनराशि भी आवंटित की और सिखों के पाकिस्तान में जाकर करतापुर में मत्था टेकने की राह आसान कर दी। इसमें हर रोज 15,000 से अधिक तीर्थयात्रियों की व्यवस्था के लिए बनाए गए यात्री टर्मिनल सहित अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा शामिल है। मोदी सरकार ने श्री गुरु नानक देव की 550वीं जयंती पर सुल्तानपुर लोधी को एक विरासत शहर के रूप में विकसित किया, जहां नानक देव ने अपना अधिकांश जीवन व्यतीत किया था। इसके अलावा सुल्तानपुर लोधी रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण, सप्ताह में पांच दिन श्री



गुरु नानक देव जी से जुड़े स्थलों के स्पेशल ट्रेन चलाई।कहा कि मोदी सरकार ने सितंबर 2020 में श्री हरमंदिर साहिब के लिए एफसीआरए की अनुमति देने का फैसला किया। सरकार का यह फैसला श्री दरबार साहिब और विश्व्व भर के संगत के बीच सेवा के जुड़ाव को दर्शाता है। इसके अलावा सिख समुदाय की सेवा भावना को समझते हुए मोदी सरकार ने पहली बार लंगर पर से जीएसटी हटाने का निर्णय लिया। इससे पहले लंगर के सामानों पर जीएसटी कर लगता था। लेकिन मोदी सरकार ने 'सेवा भोज योजना' के तहत और सिख समुदाय की मांग पर साल 2018 में लंगर पदार्थों पर लगने वाले जीएसटी को माफ कर दिया था। श्री गुरु गोबिंद सिंह की 350वीं जयंती पर भव्य प्रकाश पर समारोहों के लिए 100 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया। इस अवसर पर 350 रुपये का स्मारक सिक्का और पटना में स्मारक डाक टिकट जारी किया। भाजपा प्रत्याशी भट्ट ने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किए, जिससे सिख अल्पसंख्यकों को समान अधिकार मिला। इसके साथ ही 1947 में पश्चिमी पाकिस्तान से आए सिख शरणार्थियों को आवास प्रमाणपत्र जारी किए गए। नागरिकता संशोधन कानून के तहत अफगानिस्तान और पाकिस्तान के सिख शरणार्थियों को भारत की नागरिकता पाने में मदद मिली है, जिन्हें जबरन धर्म बदलना या आतंकवाद आदि का शिकार होना पड़ा था।कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगा पीड़ितों को मोदी सरकार ने न्याय दिलाया। सरकार द्वारा गठित एसआईटी के जरिए 1984 के दंगे की फिर से जांच कराई गई। इतने समय तक न्याय के शिकंजे से बचते रहे बड़े राजनीतिक नेताओं पर एसआईटी के गठन के 3 साल के भीतर मुकदमा चलाया गया। इसके साथ ही पीड़ितों के परिजनों को आर्थिक सहायता भी दी गई। बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अगस्त 2021 में जलियांवाला बाग के नए स्मारक और म्यूजियम गैलरी का उद्घाटन किया। इसके अलावा जलियांवाला बाग में घटित विभिन्न घटनाओं को दर्शाने के लिए एक साउंड एंड लाइट शो की व्यवस्था की गई। साथ ही, शहीदी कुएं की मरम्मत कराई। भट्ट ने कहा कि मोदी सरकार ने सिख युवाओं का सशक्तीकरण किया। साल 2014 से पहले जहां 18 लाख सिख स्टूडेंट को स्कॉलरशिप दी जाती थी, वहीं मोदी सरकार ने 31 लाख सिख छात्रों को मैट्रिक पूर्व, प्री/पोस्ट मैट्रिक और मेरिट कम-मीन्स छात्रवृत्ति दी। उन्होंने कहा कि गुरू तेगबहादुर के नाम पर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया। हेमकुंड साहिब में रोपवे का निर्माण कराया। उन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कमल जिंदल,पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा कमलेश्वर सेमवाल, हिमांशु बिष्ट हरीश भट्ट ध्रुव सिंह राणा तरुण राणा शाहिद सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी पर लगाया आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के मुख्य निर्वाचन अभिकर्ता सुनील खेड़ा ने रिटर्निंग आफीसर को शिकायती पत्र देकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी पर विज्ञापन के जरिए असत्य बातें छपवा कर मतदाताओं को गुमराह किया जा रहा है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजे पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों विज्ञापन छपवाए हैं, जिसमें एक कथन पूर्णतया असत्य है कि भाजपा सांसद और वर्तमान प्रत्याशी अजय भट्ट ने पांच साल के कार्यकाल में सांसद निधि का सिर्फ 40 प्रतिशत धनराशि व्यय की गई और शेष धनराशि वापस हो गई। कहा कि कथन पूर्णतया झूठ है। वास्तविकता यह है कि पूरी सांसद निधि के प्रस्ताव दिए जा चुके हैं। जिनमें कुछ प्रस्ताव कतिपय कारणों से संबंधित कार्यालयों स्वीकृति के लिए विचाराधीन हैं। यह भी स्पष्ट किया गया है कि सांसद निधि का कोई अंश न तो लैप्स हुआ है और न ही कोई धनराशि वापस गई है। पत्र में कहा गया है कि बगैर किसी आधार के असत्य प्रकाशित करा कर आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। पत्र में इस प्रकरण का संज्ञान लेकर कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई है। पत्र के साथ प्रकाशित विज्ञापनों की छायाप्रति भी साक्ष्य के तौर पर सौंपी गई है।

## मोदी सरकार का कार्यकाल गरीब कल्याण को समर्पित: शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। विधानसभा संयोजक पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों मे जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा कर अजय भट्ट के लिए वोट देने की अपील की। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में लगातार नुक्कड़ सभाएं एवं जनसंपर्क कर लोगों को आगामी 19 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में मतदान कर देश की कमान एक बार फिर लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के हाथों में देने की अपील की। लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के प्रचार की कमान संभालते हुए किच्छा विधानसभा संयोजक पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने किच्छा ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम दोपहरिया,पंतपुरा,पटेरी, अंजनिया, रामनगर, भमरोला, प्रीतनगर, मलसी,





मिलक, चकोनी, कुरैया व सहजनी में ताबड़तोड़ जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभाए की। उन्होंने गांव-गांव तूफानी दौरा करते हुए केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की पुष्कर धामी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट को जीताने की अपील करते हुए देश की सेवा में दिन रात लगे रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथो को मजबूत करने की अपील की। केंद्र की दस साल का कार्यकाल आज पूरी प्रमाणिकता के साथ धरातल पर नजर आ रहा है, मोदी सरकार का कार्यकाल गरीब कल्याण को समर्पित रहा, सौभाग्य योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज से गरीब पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को मोदी सरकार ने कम करने का कार्य किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा, सचिन चावला, ग्राम प्रधान नीलम गंगवार, शक्ति केंद्र संयोजक सुशील गंगवार, महेंद्र सिंह कामरा,जसमीत सिंह कक्कड़, रोहित कालरा, राम प्रसाद कश्यप,छत्रपाल राठौर, आत्मा परियोजना अध्यक्ष रविकांत वर्मा, ग्रामीण मंडल महामंत्री सुशील यादव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपा राय, आलोक राय, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अंकित सिंह, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मयंक तिवारी, रामू चतुर्वेदी, बूथ अध्यक्ष विकास गंगवार, नरेंद्र गंगवार, मोहित, श्री भगवान, बिजेंद्र यादव, सूरजपाल कश्यप, वीरेंद्र कुमार, मोतीराम गंगवार समेत समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

## व्यय प्रेक्षक ने किया एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने मीडिया मॉनिटरिंग एव प्रमाणन समिति (एमसीएमसी) कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया पर किये जा रहे प्रचार व प्रत्याशियों द्वारा ली गयी स्वीकृतियों की जानकारियां ली तथा पंजीकाओं का अवलोकन किया। उन्होने कहा कि मतदान दिवस अथवा पूर्व दिवस में प्रिंट मीडिया में कोई भी विज्ञापन प्रत्याशियों द्वारा प्रकाशित किया जाता है तो उसका पूर्व प्रमाणन अनिवार्य होगा। उन्होने सभी सोशल मीडिया अथवा प्रचार वाहनों पर लाउडस्पीकर, सिनेमा हाल, टेलीविजन, एफएम रेडियों पर प्रसारित समाग्री का भी पूर्व प्रमाणन अनिवार्य है। उन्होने प्रत्याशियों के विज्ञापनों एवं सोशल मीडिया पर प्रसारित समाग्री व्यय को



नियमित नोडल व्यय को प्रेषित करने के निर्देश दिये। सहायक नोडल एमसीएमसी गोविन्द बिष्ट ने बताया कि अब तक 01 सोशल मीडियां पर प्रचार समाग्री व 03 सार्वजनिक स्थलों पर ऑडियों प्रदर्शन हेतु आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमे से 03 स्वीकृतियां समिति द्वारा जारी कर दी गयी है, एक आवेदन गुरूवार को प्राप्त हुआ है जिसकी स्वीकृति परीक्षण के उपरांत जारी कर दी जायेगी। उन्होने बताया कि प्रत्याशियों के विज्ञापन एवं सोशल एकांउट पर प्रसारित प्रचार समाग्री की व्यय रिपोर्ट दैनिक निर्धारित प्रपत्रों में नोडल व्यय व आयोग को नियमित प्रेषित की जा रही है।निरीक्षण के दौरान नोडल व्यय डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल, लाईजनिंग आफिसर रितेश पंत, विनय कुमार, केके शर्मा आदि मौजूद थे।

## निधन के बाद नेत्रदान कर अमर हो गयी चन्द्रावती परमार

बाजपुर(उद संवाददाता)। समाज सेवी गौरव परमार की माता का लंबी बीमारी के चलते देहांत हो गया। सौरभ परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी माता की नेत्रदान किए जाने की इच्छा थी। रक्तदान के क्षेत्र में राष्ट्र सेवा पुरस्कार, भारत गौरव पुरस्कार तथा डॉक्टर की मानद उपाधि सहित अनेकों पुरस्कार प्राप्त करने वाले सौरभ परमार ने अपनी माता के स्वर्गवास के बाद उनकी आंखें दान कर नेक कार्य को पूर्ण किया । रेलवे स्टेशन के सामने मोहल्ला सुभाषनगर में रहने बाले शिक्षक सौरभ परमार की माता चंद्रावती परमार का लम्बी बीमारी के चलते विगत रात्रि निधन हो गया था। माता जी की इच्छानुसार रक्तवीर सौरभ परमार ने मुरादाबाद के जाने माने सी एल गुप्ता इंस्टीट्यूट को नेत्र दान के लिए सूचना



दी। जानकारी मिलते ही डॉक्टर की टीम उनके आवास पर आई डोनेट की प्रक्रिया पूरी करने पहुँची। जिसके बाद उनके पुत्र सौरभ परमार को प्रमाण पत्र प्रदान किया। डॉक्टरों की टीम ने बताया कि दान में प्राप्त आंखे किसी नेत्र हीन को लगाई जाएंगी जिससे की नेत्रहीन व्यक्ति को संसार देखने का सौभाग्य प्राप्त होगा। इस प्रकार माता चंद्रावती मृत्यु उपरान्त भी किसी को नया जीवन दे गईं। वह किसी जरूरतमंद की आखों के रूप में हमेशा जिंदा रहेंगी।

# गुरमत समागम से पूर्व धूमधाम से निकला भव्य नगर कीर्तन

गदरपुर। खालसा साजना दिवस बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारा माता साहिब कौर दिनेशपुर में चार दिवसीय भारी गुरमत समागम आरंभ होने के प्रथम दिन विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारा सिंह सभा अमृत नगर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष भारी गुरमत समागम आयोजित किए गए जिसमें रागी,कविश्री एवं कथावाचकों ने गुर इतिहास एवं गुरबाणी की कथा करके संगत को आनंदित किया । तत्पश्चात बाबा गुरजंट सिंह गुरुद्वारा नानकपुरी टांडा एवं बाबा गुरदेव सिंह के दिशा निर्देशन में अरदास के उपरांत बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे के साथ नगर कीर्तन का शुभारंभ किया गया। नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी, पंच प्यारे,सेवा करती संगत,शब्द कीर्तनी एवं कविश्री जत्थे के अलावा दरबार साहिब श्री अमृतसर एवं अन्य झांकिया ने नगर कीर्तन की शोभा को बढ़ाया। वीर खालसा गतका ग्रुप नानक पुरी टांडा एवं शहीद बाबा दीप सिंह गतका अखाड़ा रुद्रपुर की टीम द्वारा हैरत अंग्रेज करतब दिखाते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया।जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण करके अपनी श्रद्धा प्रकट की गई वहीं बंगाली समुदाय के लोगों द्वारा पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के नेता प्रेमानंद महाजन के नेतृत्व में नगर कीर्तन का प्रसाद वितरण करके स्वागत किया। इस अवसर पर पूरे नगर कीर्तन मार्ग को तोरण द्वारों तथा निशान साहिब से सुसज्जित किया गया था।इस मौके पर भारी गिनती में संगत ने नगर कीर्तन में सहभागिता करके गुरु घर की खुशियां प्राप्त कीं।









# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### स्कूल बस की फिटनेस

हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक तेज रफ्तार स्कूल बस के पलटने की घटना दरअसल घोर लापरवाही का नतीजा है, जिसमें आठ बच्चों की जान चली गई और बीस बच्चे घायल हो गए। कहने को इसे एक हादसे के तौर पर ही देखा जाएगा और उसी मुताबिक कानून अपना काम करेगा, मगर सच यह है कि इसका कारण हर स्तर पर बरती गई बहुस्तरीय और आपराधिक लापरवाही है। खबरों के मुताबिक, ईद की छुट्टी का दिन होने के बावजूद स्कूल को खुला रखा गया था और जैसा कि बच्चों और स्थानीय लोगों ने बताया कि ड्राइवर नशे में बेलगाम रफ्तार से बस चला रहा था। वाहन के फिटनेस प्रमाण पत्र के भी कई वर्ष पहले खत्म हो जाने का तथ्य सामने आया है। सवाल है कि स्कूल प्रबंधन को बस की स्थिति, ड्राइवर की प्रकृति आदि के बारे में सही जानकारी रखना जरूरी क्यों नहीं लगा? सड़क पर लगाम खोकर कोई वाहन इतनी तेज रफ्तार में चल रहा था तो उसे रोकने-टोकने वाला कोई क्यों नहीं था? शुरुआती जांच के बाद यह जानकारी सामने आई कि बस के दुरुस्त होने या फिटनेस का प्रमाण पत्र करीब छह वर्ष पहले ही समाप्त हो गया था। यानी इतने समय से यह बस इसी हालत में बेरोकटोक बच्चों को लेकर चल रही थी। स्कूल प्रबंधन को इस बारे में क्यों नहीं पता था कि बच्चों को लाने-ले जाने वाली बस लगातार एक जोखिम में ही चल रही थी। कई बार लोग संयोग के पहलू को अहम मानते हैं। इस लिहाज से देखें तो अगर स्कूल प्रबंधन ने आधिकारिक रूप से छुट्टी के दिन स्कूल बंद रखा होता, तो बच्चे कम से कम घटना वाले दिन सुरक्षित रह पाते। किसी सार्वजनिक छुट्टी के दिन स्कूल को खुला रखने और बच्चों को बुलाने की तुक या वजह क्या थी? हादसे के बाद अब प्रशासन की ओर से सभी जिम्मेदार पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गई है, मगर सवाल है कि बीते कई वर्षों से बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के कोई बस कैसे निर्बाध चल रही थी? सड़क पर वाहनों के बेलगाम रफ्तार में चलने रोकने वाला तंत्र क्या कर रहा था? कायदे से इस हादसे के लिए बस चालक के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन और प्रशासन सबकी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

# कांग्रेस ने कभी गंगा को नहर नहीं कहा : हरदा

हरिद्वार(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने प्रधानमंत्री पर गंगा को लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी हर की पैड़ी पर गंगा को नहर नहीं कहा, कांग्रेस का हर की पैड़ी के साथ पुराना इतिहास है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता पंडित मदन मोहन मालवीय से लेकर राजीव गांधी तक सभी लोग हरकी पैड़ी के साथ जुड़े रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा गंगा की घाटों का सारा सौंदर्यीकरण कांग्रेस के कार्यकाल में हुआ। उन्होंने भाजपा सरकार पर हरकी पैड़ी कॉरिडोर के नाम से व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप भी लगाया। हरिद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव



प्रचार के दौरान हरीश रावत ने कहा कि हरिद्वार को 75 प्रतिशत टूटने से बचाने के लिए उन्होंने इतना जरूर कहा कि हरकी पैड़ी से बहने वाली धारा, गंगा नदी है और वो नहर के फॉर्म में है। भाजपा चाहती है कि हरिद्वार टूटे, इसलिए, भाजपा गंगाजी को जो भी कहे लेकिन कांग्रेस ने हमेशा गंगा को नदी ही माना है। इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा, मनोज जाटव, कार्यकारी महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता जोशी, पूनम भगत आदि मौजूद रहे। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने स फेसबुक पर एक पोस्ट में लिाा है कि भाजपा ठग पार्टी है, 2017 में इनके सभी नेताओं ने एक झूठ प्रचारित किया जुम्मे की छुट्टी का, आज तक भी वह शासनादेश नहीं दिखा पाए जिसके तहत स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, सरकारी कार्यालय में छुट्टी हुई हो। 2022 में फिर झूठ बोलकर ठगा, कांग्रेस पार्टी मुस्लिम यूनिवर्सिटी खोलेगी। जिस तथा कथित अखबार को भाजपा ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित किया वह दुनिया में कहीं भी न छपता है, न बिकता है, मगर भाजपा का झूठ बिका, क्योंकि झूठ बोलने वाले लोग बड़े-बड़े संवैधानिक पदों पर बैठे हुए थे। अब 2024 में भाजपा फिर झूठ बोल रही है कि कांग्रेस ने हर की पैड़ी में गंगा जी को नहर बताया। झूठ, बेगुनाह झूठ की इंतहा है, कब तक उत्तराखंड इनके झूठ और पाखंड का शिकार होगा? राजनीतिक गिरावट की हद है।








# राष्ट्र निर्माण से जुड़े साधू समाज

मजबूत भारत-राष्ट्र निर्माण के लिए अनुशासित, चरित्रवान और संस्कारित समाज निर्माण की जरूरत है। इसके लिए साधू-संतों को आश्रमों से बाहर निकल कर आगे आना होगा। यह बात मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ मोहन भगवत ने कही। यह बेहद महत्वपूर्ण बात है, क्योंकि आजकल ज्यादातर संत-समाज आश्रम बनाकर वहीं से संदेश देने का कार्य कर रहे हैं। याद रहे, शंकराचार्य ने साधु-संन्यासियों के सार्थक उपयोग के लिए ही चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की थी। इन मठों को ज्योर्तिमठ, श्रृंगेरी मठ्, गोवर्धन मठ और शारदा मठ के नामों से जाना जाता है। ये मठ धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के साथ सामाजिक कार्यों से भी जुड़े रहे हैं। इतिहास गवाह है आजादी की लड़ाई में अखाड़ों से जुड़े बाबाओं ने महारानी लक्ष्मीबाई, नाना साहब और तात्या टोपे के साथ अंग्रेजों से युद्ध भी लड़े थे। कुछ साल पहले महाराष्ट्र के भोईरपाड़ा शिरडी के साई बाबा मंदिर न्यास और सुजलान कंपनी के सयुक्त प्रयासों के फलस्वरूप पवनचक्की परियोजनाओं से 14 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया था। यह बिजली महाराष्ट्र बिजली बोर्ड को बेच भी दी गई। न्यास ने 15 करोड़ का निवेश कर यह उपलब्धि हासिल की। न्यास पवन चक्कियों की संख्या बढाकर लागत राशि 6 साल के भीतर निकाल लेने की भी उम्मीद रखता है। राष्ट्र निर्माण से जुड़ी बुनियादी समस्याओं के समाधान की दिशा में किसी धार्मिक न्यास द्वारा की गई यह एक महत्वपूर्ण पहल है। हालांकि अनेक संत अपने आश्रमों में संस्कृत विद्यालय, भंडार, अस्पताल और गौशालाएं चला रहे हैं। मानव शक्ति के रूप में भारत के पास विशाल साधु समाज है। जिसे अब तक आंतरिक चेतना एवं अतीन्द्रीय शक्तियों के नियंत्रण का ही मुख्य कारक एवं प्रतीक माना जाता रहा है। यदि यह शक्ति राष्ट्र निर्माण संबंधी विकास कार्यों से जुड़ी बुनियादी समस्याओं के हल में जुट जाएं तो राष्ट्र का बहुत भला हो सकता है। क्योंकि इस समाज के साथ अपार शारीरिक बल होने के साथ धार्मिक न्यासों की संपत्ति के रूप में अकूत आर्थिक बल भी है। दिवंगत जयगुरु देव बाबा के पास 1200 करोड़ की संपत्ति सार्वजनिक हुई है। सत्य सांई बाबा के पास भी अकूत दौलत के भण्डार मिले हैं। हालांकि सांई न्यास करीब 500 ग्रामों को अपनी ओर से पेयजल उपलब्ध कराता है और हजारों लोगों को शिक्षा व स्वास्थ्य की मुफ्त सेवा भी करता है। भ्रष्टाचार के चलते भारत का संस्थागत एवं प्रशासनिक ढ़ांचा गड़बड़ा हुआ है। ऐसे में मानवीय पक्षों को उभारते हुए धार्मिक ट्रस्ट और उनका संरक्षक साधु समाज विकास कार्यों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सार्थक हस्तक्षेप कर सकता है। क्योंकि हताशा से भरी इस दुनिया में धर्म ही ऐसा इकलौता क्षेत्र है, जिसमें निर्विवाद रूप से उत्तरोत्तर विकास होता जा रहा है। भारत के मंदिरो, गुरुद्वारों, मस्जिदों और गिरिजाघरों में भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और भक्त सामर्थ्य से ज्यादा दिल खोलकर दान भी दे रहे है। भारत के हर परिवर्तनकारी युग में मठ, मंदिरों और साधुओं ने सांस्कृतिक चेतना का नवजागरण कर राष्ट्र निर्माण को नया मोड़ देते हुए समय-समय पर उदात्त भावनाओं और मंगलकारी सिद्धान्तो का प्रतिपादन किया है। जिससे धर्म दीर्घकालीक सत्ताधारियों के राजनीतिक लाभ का हितपोशक न बना रहे। यही कारण है कि विश्वामित्र चाणक्य, महावीर, बुद्ध, जगतगुरू शंकरचार्य, गुरूनानक देव, चैतन्य महाप्रभु, दयानंद सरस्वाती, महर्षि अरविंद, विवेकानंद और ज्योतिबा फुले जैसे राष्ट्रप्रेमी स्वप्न दृष्टाओं ने इस देश को आततायी विदेशी अतिक्रमणकारियों से लड़ने की शक्ति देने के साथ अज्ञान, भूख, अराजकता और असमान समाजिक ढ़ांचे से जूझने की भी चुनौती व प्रेरणा आम जनमानस को दी। मध्ययुग के अंधकार से भारतीय जनमानस को कबीर, तुलसी, सूर, रैदास, दादू, मलूकदास और नानक देव जैसे संत कवियों ने ही उबारकर नवयुग के निर्माण की आधारशिला रखी थी। स्वतंत्रता पूर्व भारत में करीब 60 लाख साधु थे लेकिन वर्तमान में इनकी संख्या बढ़कर एक करोड़ के ऊपर पहुंच गई है। हालांकि साधु समाज की इस गणना में रोगी, भिखारी, बाजीगर, सपेरे, नट, मदारी, लावारिस और अपाहिज भी शुमार हैं। इनकी संख्या 80 प्रतिशत है। पहुंचा हुआ साधु इन्हें साधु नहीं मानता। ऐसे ही साधुओं की बदौलत घर्म और नैतिकता का मूलमंत्र खंडित हो रहा है। ये साधू ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से पैठ बनाकर ग्रामीणों को गांजा, भांग, बीड़ी, सिगरेट जैसे व्यसनों का आदि बना लेते हैं। यही साधु वेशधारी हत्या, बलात्कार, ठगी और अपहरण जैसे गंभीर मामलों के आरोपी निकालते हैं। दरअसल इन साधुओं को जब अनपेक्षित मान सम्मान मिलने लगता है तो यह बौरा जाते हैं। नतीजतन ज्यादा से ज्यादा धन बटोरने और भौतिक सुविधाएं जुटाने में लग जाते हैं। ऐसे साधुओं की जहां जनता द्वारा उपेक्षा की जाने की जरूरत है, वहीं साधु समाज इन्हें शिक्षित कर समाज के लिए हितकारी साधु भी बना सकता है। जिससे ये साधु समाज को मद्य निषेध एवं सदाचारी के संस्कार तो दे हीं अन्ना हजारे के रालेगांव की तर्ज पर ग्रामीण स्तर पर साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, जल संग्रह, मवेशी पालन व गोबर गैस संयंत्र से बिजली उत्पादन के कार्यों की समृद्धि के लिए सहकार की सामुदायिक भावना भी पैदा करें। यदि ऐसा होता है तो ग्रामों में जातीय विद्वेश कम होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार की उपलब्धता के चलते शहरों की ओर युवा वर्ग का पलायन भी बाधित होगा। मुंगेर में संत-समाज द्वारा देश का पहला योग विश्वविद्यालय चलाया जा रहा है। यहां के संत निरंजनानंद सरस्वती के योग व विज्ञान-संबंधी कार्यों को रेखांकित करते हुए भारत सरकार ने 2017 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया है। हालांकि साधु जीवन पर अब रमता जोगी, बहता पानी की कहावत, पूरी चरितार्थ नहीं हो रही है। मोक्ष के प्रचारक ये साधु भौतिकवाद के शिकार होकर वैभव व प्रदर्शन की प्रवृत्तियों के आदि भी हो रहे है। मोह माया भौतिक सुखों और कारों का काफिला इनके ईद गिर्द मंडरा रहा है। सूचना तकनीक के चलते तमाम साधुओं का भू-मण्डलीयकरण तो हुआ ही, बाजारवाद की गिरफ्त में भी ये आ गए। लिहाजा धर्म अरबों-खरबों के उद्योग में परिवार्तित हो गया। देखते-देखते साधु संतो की धास-फूस की झोपड़ियां आलाशीन अट्ट्रालिकाओं में बदल गई। इसी कारण साधु समाज पर सवाल उठाये जाने लगे कि मोह माया और भौतिक सुखों से ऊपर उठने का उपदेश देने वाले जो सिद्ध पुरुष स्वयं भोग विलास में संलग्न हो गए हैं, वे अध्यात्म का उपदेश देकर क्या समाज को भौतिकवादी बुराइयों से उबार पाएंगे ? साधू का प्रमुख गुण समष्टिगत होता हैं। इसलिए वह धर्म का प्रतिनिधि है। साधु के सदाचरण, संयमी, अंसचयी और सात्विक होने का प्रभाव जितना समाज पर पड़ता है, उतना जनबल तथा धनबल का नहीं पड़ता। इसलिए इन दिव्य पुरूषों के एक इशारे पर लोग करोड़ों लुटा देते हैं। यही कारण है कि अपेक्षाकृत कम प्रसिद्धि पाए साधु अथवा मठ मंदिर के पास भी करोड़ों-अरबों की नकद और अचल परिसंपत्तियां हैं। जिन साधुओं का कोई उत्तराधिकारी नहीं है, उनका डाकघरों व बैंकों में लाखों करोड़ों जमा हैं। ऐसे में इन साधुओं के आत्मलीन होने के बाद यह धन लावारिस घोषित कर दिया जाता है। आखिर इस धन को साधु समाज के सुपुर्द कर स्थानीय विकास कार्यों में क्यों नहीं लगाया जा रहा है ? अकेले अयोध्या के बैंक और डाकघरों में साधुओं का बड़ी मात्रा में लावारिस धन जमा है। साधू समाज भारतीय प्राचीन साहित्य के नए भाष्य का लेखन भी कर सकता है। इतिहास के जिस लेखन पर वामपंथी छाया मंडरा रही है, उस इतिहास के पुनर्लेखन का प्रबंध भी कर सकता है। क्योंकि हमारे प्राचीन साहित्य की पाखंड, कर्मकाण्ड और अंधविश्वास का प्रचारक मानकर खिल्ली उड़ाई जा रही है। यहां तक कि राम और कृष्ण जैसे विराट व्यक्तित्व वाले राष्ट्र नायकों तक को पुरातत्व जैसा जिम्मेदार विभाग मिथक कहकर विवाद का विषय बना देता है। बाहरी लोगों द्वारा हमारी संस्कृति को आध्यात्मिक और प्राचीन संस्कृत साहित्य को कपोल-कल्पित करार देकर हमारे प्रगतिशील बुद्धिजीवी इतिहासकारों ने कृतज्ञ भाव से स्वीकार लिया और हम इसी परंपरा के वाहक अब तक बने हुए हैं। जबकि वास्तविकता है कि हमारे पौराणिक आख्यानों में प्रणय-प्रसंगों की भरमार है। राजनीति, दण्डनीति, अर्थनीति जल और शिक्षा प्रबंधन की संरचना के सूत्र व सिद्धांत उनमें हैं। युद्धशास्त्र, विमान शास्त्र, वास्तु शास्त्र, आयुर्वेद और कामशास्त्र विशयक हमारी प्राचीन उपलब्धियां चमकृत करने वाली हैं। भाषा व्याकरण और योग के क्षेत्र में हम अनुपम हैं। जरूरत है, इनके गूढ़ सूत्रो के रहस्य को खोलकर वैज्ञानिक ढंग से मानव उपयोगी बनाना ? इस संदर्भ में हम बाबा रामदेव से प्रेरित हो सकते हैं। जिन्होंने पतंजलि योग सूत्र के रहस्यों को लाइलाज बीमारियों से मुक्ति का साध्य बनाकर आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को ही चुनौती दे डाली। दरअसल हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों के यथार्थ को ठीक से समझने की आवश्यकता है। लेकिन इस संदर्भ में पूर्वग्रह व दुराग्रह सांस्कृतिक अराजकता पैदा करने के कारण बन रहे हैं। बहरहाल साधु समाज अपने जनबल और अर्थ बल से बुनियादी समस्याओं के निदान में शिरडी के सांई बाबा न्यास की तरह जुट जाए तो उसका समाज के लिए रचनात्मक क्रियान्वयन से जो वातावरण निर्माण होगा तो जो युवा-शक्ति ईमानदारी से काम करने की इच्छा रखती है, उसका राष्ट्र को अद्वितीय व अपेक्षित योगदान मिलने लग जाएगा ? लाल फीताशही के चलते जो प्रतिभाएं तालमेल न बिठा पाने के कारण पलायन कर विदेश में अपनी मेधा का परचम फहरा रही हैं, उनकी पलायनवादी प्रवृत्ती पर भी अंकुश लगेगा। युवा और साधु समाज की संयुक्त ताकत पानी, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ, सड़क निर्माण जैसे क्षेत्रों की दशा और दिशा बदल सकती है। वहीं साधुओं की विशाल संख्या के रूप में इस समाज के पास जो मनुज शक्ति है, वह जहां भी है, वहीं रहकर नदी और तालाबों का कायाकल्प कर जल के अक्षय भण्डारों कई पुनरुद्धार कर सकती है। यदि यह शक्ति राष्ट्र निर्माण में जुट जाती है तो इनसे प्रभावित आम जनमानस भी स्वप्रेरणा से इनका अनुयायी हो जाऐगा। अतएव देश के साधू-समाज को चाहिए कि वह सरकार की ओर मुँह ताकने की बजाए खुद राष्ट्र निर्माण और उसे संस्कारित करने में जुट जाए।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# 1290 बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान



हल्द्वानी। जनपद में कुल 1419 बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं में से विगत 9 अप्रैल तक 1290 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया गया है, जो लगभग 90 प्रतिशत है। जनपद में सभी विधानसभाओं हेतु 1509 बैलेट यूनिट,1509 कन्ट्रोल यूनिट एवं 1585 वीवीपैट हेतु ईवीएम को सुचारू करने का कार्य सभी सहायक रिटर्निंग आफिसरों के मानिटरिंग में किया जा रहा है जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा।नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने बताया कि घर-घर मतदान प्रथम चरण जो 8 अप्रैल से प्रारम्भ किया गया था 9 अप्रैल तक 1419 मतदाताओं में से 1290 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान कर लिया है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण 8 अप्रैल से प्रारम्भ हुआ था जो 10 अप्रैल तक चलेगा। इसके पश्चात जो बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता प्रथम चरण में वोट नही डाल पाये उन छूटे मतदाताओं के लिए द्वितीय चरण 11,12 एवं 13 अप्रैल तक चलेगा। उन्होने बताया कि जनपद की सभी विधानसभाओं हेतु 1509 बैलेट यूनिट,1509 कन्ट्रोल यूनिट एवं 1585 वीवीपैट में से 407 बैलेट यूनिट, 503 कन्ट्रोल यूनिट एवं 435 वीवीपैट काईवीएम को सुचारू करने का कार्य हो चुका है। उन्होंने कहा कि ईवीएम को सुचारू करने, बैलेट, सीयू एवं वीवीपैट में तकनीकी समस्या आ रही है उन्हें आयोग के 17 इंजीनियरों द्वारा खराब मशीनों को प्रतिस्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ईवीएम को सुचारू करने का कार्य कार्य समय से पूर्ण कर लिया जायेगा।

# नवनियुक्त पराविधिक स्वयंसेवियो हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हल्द्वानी। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्री सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती बीनू गुलयानी के नेतृत्व में जिला न्यायालय नैनीताल के सभागार में नवनियुक्त पराविधिक स्वयंसेवियो हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



जिसमें विभिन्न विभागों तथा विद्वानअधिवक्ता गणों द्वारा नवनियुक्त प्राविधिक स्वयंसेवियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा समापन सत्र में पैरा विधिक स्वयं सेवियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन सत्र में आदरणीय प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री राहुल गर्ग , मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रवि शुक्ला,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती बीनू गुलयानी, विद्वान चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसल श्री सोहन तिवारी, विद्वान रिटेनर अधिवक्ता श्रीमती बाला विदुषी इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री यशवंत कुमार ने किया।

# बुजुर्ग मतदाताओं को घर घर जाकर कराया जा रहा मतदान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के तहत मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। जिले में ऐसे दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही 85 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिए मतदान किया। वहीं अन्य मतदाताओं को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया।जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट अनुराधा पाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के सुलभ व सरल मतदान के लिए मतदान टीमें घर-घर जाकर स्वतंत्र,निष्पक्ष,निर्विघ्न और सुरक्षित वोट करवा रही है। जनपद की दोनों विधानसभा में मतदान टीमें 10 अप्रैल तक घर-घर जाकर बुजुर्गों से पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट



कराएंगे। तथा छुटे हुए मतदाताओं को 11 से 13 अप्रैल तक मतदान कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा देने से बुजुर्ग और दिव्यांग को बड़ी राहत दी है। पिचासी साल से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांग जहां स्वतंत्र,निष्पक्ष,निर्विघ्न और सुरक्षा के बीच अपने घर पर ही वोट कर पा रहें है वहीं मजबूत और सशक्त सरकार बनाने में अपना अमूल्य योगदान भी दे रहें है। लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को चुनाव आयोग ने होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है। जिले में कुल 960 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता है जिन्होंने फार्म 12डी पोस्टल बैलेट से मतदान करने की इच्छा जताई थी। जिले की दोनों विधानसभा में गत तीन दिनों से होम वोटिंग का कराई जा रही है, जिसमें अभी तक कुल 701 बूजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने अपने वोट पोस्टल बैलेट से मतदान कर लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि जिले में बुजुर्गो व दिव्यांग के मतदाताओं के लिए मतदान कर्मियों की 69 टीमें लगाई गई है,जो घर-घर जाकर बुजुर्गो व दिव्यांगों से पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करा रहे है। शेष बचे बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओ को 11 से 13 अप्रैल तक फिर से घर-घर जाकर सभी चयनित मतदाताओं से मतदान कराया जाएगा।

# प्रत्याशियों के सोशल मीडिया एकाउंट पर की जा रही निगरानी

हल्द्वानी। सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने एमबीपीजी कालेज चुनाव कार्यालय में कन्ट्रोल रूम, एम.सी.सी कक्ष एवं एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया।कन्ट्रोल कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्हांने ड्यूटी में तैनात कार्मिकों से कन्ट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों की जानकारी के साथ ही एमसीएमसी कक्ष में तैनात कार्मिकां से सोशल मीडिया की मानिटरिंग की जानकारी ली।



सोशल मीडिया की टीमों द्वारा बताया गया कि प्रत्याशियों के इंटरनेट मीडिया एकाउंट पर विशेष निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम में कोई भी शिकायत या सूचना किसी भी के द्वारा दी जाती है उन समस्याओं का समाधान त्वरित किया जाए। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक ने सभी विधान सभाओं के म्टड ब्वउउपेपवदपदह स्ट्रांगरूम में गतिमान कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर सभी विधानसभाओं के रिटर्निंग आफिसरों को समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान उपस्थित थे।


# तमंचे और भारी मात्रा में कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। दो अदद अवैध तमंचे व भारी मात्रा में कारतूस के साथ पुलिस ने कार सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए व्यक्ति का पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक संसदीय चुनावों के दृष्टिगत कुंडा पुलिस मंडी चौकी के नजदीक मुरादाबाद रोड पर वाहनों की सघन जांच पड़ताल में जुटी थी इसी दौरान पुलिस ने मार्ग से होकर फर्राटा भर रही एक स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 25 बीएच/2138 को शक आधार पर रोक लिया। कार सवार व्यक्ति से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम वार्ड नंबर 14 तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी कफील अहमद पुत्र अहमद जान बताया। कार की तलाशी लेने पर पुलिस को ड्राइवर की सीट के नीचे पैर के पास बिछी मैटी के नीचे 315 बोर का एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस के अलावा एक खाली कारतूस समेत 22 बोर का एक और अवैध तमंचा तथा 17 जिंदा कारतूस बरामद हुए। जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कार सवार व्यक्ति का शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया।

# पूजा बनी बेस्ट एसएमसी मेंबर

गरुड़(उद संवाददाता)। राजकीय जूनियर हाईस्कूल पिंगलो में हुए कार्यक्रम में पूजा थायत को बेस्ट एसएमसी मेंबर चयनित कर पुरस्कृत किया गया। भास्कर बिष्ट तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए। विद्यालय में हुए कार्यक्रम में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को लेकर चर्चा हुई। इसके लिए रूपरेखा तय की गई। गत शिक्षा सत्र में विद्यालय को सजाने-संवारने में योगदान देने के लिए एसएमसी मेंबर पूजा थायत को सम्मानित किया गया। कंप्यूटर शिक्षा, विद्यालय स्वछता, पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम तय किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक सुरेश सती ने किया। इस दौरान उषा पाठक, लक्ष्मी, ममता गोस्वामी, दीपा फर्सवाण, प्रेमा बिष्ट, नैनराम आदि ने विचार रखे।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है



पांच साल में एक बार आता है ये त्योहार
राजा रंक सभी को मिलता एक जैसा अधिकार
हरेक वोट की कीमत है इनसे बनती सरकार
आओ डालें वोट बनाएं एक अच्छी सरकार
सब तो डाल रहे हैं मैं ना डालूँ भी तो क्या है
कोई जीते कोई हारे हमको इससे क्या है
ऐसी बात ना सोचो ऐसी बातेँ हैं बेकार
आओ डालें वोट बनाएँ एक अच्छी सरकार
संविधान ने हमको कई कई अधिकार दिए हैं
उस किताब में सबके कुछ कर्त्तव्य भी लिखे गए हैं
है मतदान प्रथम तुम फर्ज कहो या फिर अधिकार
आओ डालें वोट बनाएं एक अच्छी सरकार
आजादी की खातिर लाखों वीर लड़े थे मरे थे
एक दिन होगा लोकतन्त्र यह सपना लिये मरे थे
वोट भी तुम ना डाल सको तो है तुमको धिक्कार
आओ डालें वोट बनाएँ एक अच्छी सरकार
जात पात में बांटेंगे मजहब की कसम खिलाएंगे
पैसे का लालच देंगे कुछ दारू भी पिलवाएंगे
हुआ जहाँ मतदान तुम्हारी नहीं कोई दरकार
जात-पात लालच को छोड़ो और बनो खुद्दार
अपने क्षेत्र के प्रत्याशी को जांचो और पहचानो
भ्रष्ट है यह या सत्यनिष्ठ है ठीक से तुम यह जानो
देश प्रथम है उसके लिये या है अपना परिवार
आओ डालें वोट बनाएँ एक अच्छी सरकार
हरेक वोट की कघीमत है इनसे बनती सरकार
आओ डालें वोट बनाएँ एक अच्छी सरकार

**डॉ.आशुतोष पन्त ,पर्यावरण कार्यकर्ता,हल्द्वानी**

## पेज एक का शेष...

**भाजपा जो कहती है...**ही पीएम हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए जनसमर्थन मांगते हुए कहा कि उत्तराखंड के इगास पर्व को अनिल बलूनी ने पहचान दिलाई है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा को कहती है वो करके दिखाती है। चाहे दुश्मन को सबक सिखाने की बात हो या फिर विकास की बात हो। भाजपा सरकार ने जो भी गारंटी दी है उसे पूरा किया है। अब जो गारंटी दी जा रही है वो भी हर हाल में पूरी होगी।

**महिला का कमरे मे...**था। पड़ोस के लोग महिला को अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मृतका के मायके से परिजन यहां आये और पुत्री का शव देखकर उनमें कोहराम मच गया। तहसीलदार दिनेश कुमार ने चिकित्सालय पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि उसकी पुत्री को पति काफी समय से परेशान कर रहा था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उमेश ने ही रीता की हत्या की है और फरार हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**चोरी की दो ...**देवेंद्र कुमार शर्मा बताया। वर्दी का रौब देख दोनों टूट गए। पवार रिजॉर्ट के सामने से मोटरसाइकिल चोरी की घटना को उन्होंने सहज कबूल कर लिया। इसके अलावा ठाकुरद्वारा से चुराई गई एक अन्य मोटरसाइकिल की घटना को भी पुलिस के समक्ष कबूल करते हुए ग्राम मिस्सरवाला के समीप एक खंडहर से उक्त मोटरसाइकिल यूपी 21 ए यू/0652 को भी बरामद करवा दिया। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए मोटरसाइकिल चोर शातिर किस्म के हैं। दोनों नशे की आदि हैं। नशे की पूर्ति करने के लिए दोनों चोरी जैसी सनसनीखेज घटनाओं को अंजाम दिया करते हैं। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार चोरों का संबंधित धाराओं में चालान करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह राठौड़, मंडी चौकी प्रभारी मनोहर चंद्र, कांस्टेबल त्रिलोक सिंह शामिल रहे।

**गौशाला में गाय भैस..**के साथ बगल में बैठा था, उन्होंने कहा कि गुलदार घायल था ,जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई, उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू में जुटी है, वही मौके पर पहुंचे तराई पश्चिम के एसडीओ संदीप गिरी ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि कंचनपुर छोई में एक गुलदार गौशाला के अंदर घायल अवस्था में बैठा है, उन्होंने कहा कि गुलदार की सूचना पर हमारे द्वारा व कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉक्टर दुष्यंत शर्मा द्वारा गुलदार को ट्रेंकुलाइज कर सुरक्षित रेस्क्यू करते हुए उसका उपचार किया जा रहा है। गुलदार की उम्र लगभग 5 से 6 वर्ष है।

**हादसे में घायल..** चिकित्सालय भर्ती कराया गया। जहां गत रात्रि सुखविन्दर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को परिजनों के साथ पोस्ट मार्टम के लिय यहां भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**सीएम धामी ने लोगों तक...**खटीमा में सैर के दौरान मुख्यमंत्री धामी राह चलते कई लोगों से मिले। खासतौर पर बड़े बुजुर्गों से मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपको प्रणाम और राम-राम कहा है। इस दौरान उन्होंने मोदी के उत्तराखंड से विशेष लगाव और जुड़ाव को लेकर भी लोगों से चर्चा की। जनता ने भी प्रधानमंत्री मोदी के प्रणाम को सहर्ष से स्वीकार कर मुख्यमंत्री धामी को आशीष दिया।

**भाजपा नेताओं को ले...**पायलट हेलीकॉप्टर से नियंत्रण खो बैठा। हेलीकॉप्टर जमीन से 5 फीट की ऊंचाई पर डगमगाया और फिर जमीन पर उतर गया। बताया जा रहा है कि टेक ऑफ करते हुए हेलीकॉप्टर पेड़ के टहनी से टकराया। हालांकि, पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# मोदी के मैजिक की आस, कांटे की होगी फाईट

## गढ़वाल मंडल की तीनों सीटों पर कड़ा मुकाबला होने के आसार: कांग्रेस और निर्दलीय उम्मीदवार की सक्रियता बन रही भाजपा के लिए सीटों को बचाए रखना बड़ी चुनौती






देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा ने अपने दिग्गजों के समर्थन में पूरी ताकत झोंक दी हैं। 19 अप्रैल को मतदान से पूर्व पीएम नरेंद्र मोदी की ऋषिकेश में दूसरी चुनावी जनसभा को गढ़वाल मंडल की तीनों सीटों के लिए बेहद ही अहम माना जा रहा है। हालांकि कुमांऊ मंडल की दोनों सीटों पर भाजपा काफी मजबूती से जुटी हुई है। वहीं लगातार दो बार प्रचंड बहुमत से केंद्र की सत्ता पर काबिज मोदी सरकार 2024 के चुनावी रण में विजय हासिल करने के लिए सियासी मैदान में जहां दो सीटों पर नये उम्मीदवारों को उतारा है तो वहीं तीन सीटो पर पुराने चेहरों पर दाव खेला है। प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भी एक सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं बदला है जबकि अन्य चार सीटों पर नये नेताओं को चुनावी रण में उतारा है। उत्तराखंड में जीत की हैट्रिक के लिए भाजपा ने लोकप्रिय नेता पीएम नरेंद्र मोदी को भी सियासी महाभारत में अपना प्रभाव छोड़ने के लिए दो चुनावी रैलियों से अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। इस बार भी पीएम मोदी ने उत्तराखंड में लोगों का रूझान एक बार फिर अपनी तरफ मोड़ने का प्रयास किया है। पीएम मोदी ने दो अप्रैल को रूद्रपुर में चुनावी जनसभा करने के बाद 11 अप्रैल को ऋषिकेश में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए दूसरी जनसभा की है। माना जा रहा है कि पीएम की इस रैली का प्रभाव अगर पड़ा तो गढ़वाल की तीन सीटों पर बीजेपी की स्थित मजबूत हो सकती है। पीएम मोदी की ऋषिकेश में हुई चुनावी जनसभा को गढ़वाल मंडल की तीनों सीटों के लिए बेहद ही अहम माना जा रहा है। अब बीजेपी ये उम्मीद कर सकती है कि इन तीन सीटों पर उसकी स्थिति बेहतर होगी। दरअसल कुमांऊ मंडल में भाजपा के अजय भट्ट और कांग्रेस के प्रकाश जोशी के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है ।वहीं अल्मोड़ा की आरक्षित सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा और कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा के बीच तीसरी बार मुकाबला होगा। जबकि गढ़वाल मंडल में टिहरी से भाजपा प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह,पौड़ी से अनिल बलूनी और हरिद्वार सीट से त्रिवेंद्र सिंह रावत चुनाव लड़ रहे हैं। यहां की सीटों पर विपक्षी दल कांग्रेस सहित निर्दलीय उम्मीदवारों की सक्रियता से सीटों को बचाने के लिए बीजेपी को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। इन तीनों ही सीटों पर कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। ऐसे में बीजेपी को पीएम मोदी की सभाओं से खासी उम्मीद है। ऋषिकेश में रैली के दौरान पीएम मोदी ने सैन्य परिवार बाहुल्य पौड़ी सीट को साधने की भरपूर कोशिश की है। पीएम ने अपने संबोधन में वन रैंक वन पेंशन से लेकर बुलेट प्रूफ जैकेट तक का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी सरकार है जिसने बीते 10 वर्ष में भारत को पहले की तुलना में कई गुना मजबूत कर दिया है। जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार रही है तब-तब दुश्मनों ने फायदा उठाया और आतंकवाद ने पैर पसारे हैं। पीएम ने कहा आज देश में मोदी की मजबूत सरकार है इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। इसके साथ ही पीएम ने कहा कि भारत का तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन जाता है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय सैनिकों को बुलेटप्रूफ जैकेट नहीं मिलती थी। लेकिन भाजपा ने सैनिकों को बचाने के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट दी। इसके साथ ही उन्होंने वन रैंक वन पेंशन की बात भी की। जहां एक ओर पीएम मोदी ने सैनिकों की बात और भारतीय सेना की बात कर पौड़ी गढ़वाल के वोटरों को साधने की कोशिश की है। तो वहीं मां गंगा की बात कर हरिद्वार के वोटरों को भी लुभाने की बात कही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पवित्र हरकी पैड़ी को गंगा के किनारे ना मान कर एक नहर के किनारे है ऐसा कहती है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने राम मंदिर की बात भी की। दरअसल इस बार टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार में बीजेपी के लिए अपनी सीट बचाना इतना आसान भी नहीं है। पौड़ी में गणेश गोदियाल तो टिहरी में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में युवा नेता बॉबी पंवार कड़ी टक्कर दे रहे हैं। वहीं हरिद्वार में कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के अपने पुत्र कांग्रेस प्रत्याशी बीरेंद्र सिंह रावत के समर्थन में भाजपा को जोरदार टक्कर दे रखी है। ऐसे में माना जा रहा है कि बीजेपी के लिए इन तीन सीटों को बचाए रखना और बड़े रिकार्ड मतों के अंतर से जीत दर्ज करना इतना आसान भी नहीं है।

# कांटे..कांटे नहीं रहे, भक्ति भाव से फूल बन गये

## प्रसिद्ध मंदिर बाबा तारकनाथ धाम मे पांच दिवसीय पूजा महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन





शक्तिफार्म (विक्की मण्डल)। आस्था एवं श्रद्धा का केंद्र सुरेंद्र नगर के भगवान शिव का प्रसिद्ध मंदिर बाबा तारकनाथ धाम मे पांच दिवसीय पूजा महोत्सव में गुरूवार को धार्मिक अनुष्ठान मे कांटा झाप अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसमें मन्दिर से कुछ दुरी पर एक खुले आंगन मे बेल, बबूल ,बेर आदि बृक्षो की कांटेदार टहनियां बिछाई गई। भगवान भोलेनाथ की आस्था मे संन्यासियों ने विभिन्न कांटेदार वृक्ष के बिछाई गई टहनियों पर लोटते रहे। इस दौरान हर जुबा पर रहा ,भोले बाबा पार करेगा -बम बम तारोक बम। बताते है भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट आस्था से इन संन्यासियों को तनिक भी कष्ट का आभास नहीं होता। कांटा झाप अनुष्ठान देखने सैकड़ों लोग पहुंचे। मंगलवार को भगवान बृह्मा, शीतला माता एवं काली माता की पूजा के साथ बुधवार को बाबा तारकनाथ की पांच दिवसीय पूजा महोत्सव शुरू हुआ। पूजा महोत्सव मे रात्रि को भक्ति संगीत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम व बांग्ला बाउल संगीत का आयोजन किया जा रहा है। आज शिव बारात जो की नगर से निकाली जायेगी। उसके पश्चात लीलाबतीर विवाह व रात्रि को बेहतरीन कलाकारों द्वाराबांग्ला नाटक (जात्रा गान) का मंचन किया गया है। मेले में प्रतिदिन लोगो की बढ़ोतरी देखा जा रहा है । सुरक्षा के मद्देनजर पूजा कमेटी की वॉलियंटर टीम की सतर्कता व पैनी निगाहेँ पूरे मेले में बरकरार है, साथ ही पूजा कमेटी के सदस्य और पदाधिकारी भी पूरे मेले में घूमकर शांति व्यावस्था बनाये हुए है।कांटा झाप उत्सव मे आयोजक कमेटी के सुमित मंडल अध्यक्ष, परेश मंडल उपाध्यक्ष, मुकुल पोद्दार सचिव, उज्जवल राय उपसचिव, अनंत हालदार मुख्य कोषाध्यक्ष, तापस मंडल, समीर साना, और राजीव मिरवर आय कोषाध्यक्ष, सुशांत राय, जगदीश मंडल और दिनेश राय व्याय कोषाध्यक्ष थे। इस दौरान ग्राम प्रधान राजा हालदार,रंजीत हालदार, संजीत विश्वास, मिथुन मंडल, विक्की बैरागी, विजय सिकदार, सुकुमार विश्वास, सपन हालदार, दीपक बड़ाल, उत्तम शील ,कानू सरकार आदि साहित भारी संख्या में क्षेत्र से पहुंचे ग्रामीण मौजूद थे।

